

# जबलपुर भूमि



**जबलपुर। श्री राम भक्त मारूति नंदन अंजनी पुत्र महाबली वीर हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को यहां पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ यहां मनाई गई। नगर के हनुमान मंदिरों में हवन पूजन महाआरती और भंडारों के आयोजनों की धूम रही। कई स्थानों से संकट मोचन कृपा निधान के शोभायात्रा भी निकाली गई। दिन भर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जगह-जगह हनुमत जागरण और आर्केस्ट्रा के प्रोग्राम हुए और भंडारे के प्रसाद का वितरण देर रात तक चलता रहा। अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतारे लगी रही। मंदिर के पट खुलने के पहले ही श्रद्धालुओं का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। मंदिरों में हनुमान चालीसा का सबसे प्रभावी और लोगों की मनोकामनाएं पूरी करने और भय को दूर और संकट को हरने वाले मंत्र "संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा, बल, बुद्धि, विद्या, देहु मोहै, हरेऊ क्लेश विकारा", हर श्रद्धालु के श्रीमुख से उच्चारित हो रहा था।**










श्री रामलला मंदिर गौरीघाट में तो श्रद्धालुओं की अपार भीड़ लगी रही। यहां द्वापर युग की सिद्ध बाल हनुमान प्रतिमा को गर्भगृह से बाहर निकालकर पूजा पंडाल में स्थापित किया गया था। हनुमान चालीसा, महाआरती और भंडारे के आयोजन से यहां सवा लाख नारियलों का हवन किया गया। इसी तरह रानीताल गेट नं. 2 के पास स्वयंसिद्ध हनुमान मंदिर, दक्षिणमुखी श्री बाल हनुमान मंदिर लेबर चौक, बड़े महावीर बड़ा फुहारा, छोटे महावीर कोतवाली, श्री नटबाबा मंदिर मोची पुंआ गढ़ाफाटक, श्री हनुमान मंदिर नौदराब्रिज, श्री कटरा वाले महावीर स्वामी मिलोनीगंज, श्री हनुमान मंदिर अधारताल, श्री हनुमान मंदिर दमोहनाका, पंचमुखी हनुमान मंदिर स्नेह नगर में सुन्दरकाण्ड अखण्ड रामायण पाठ के बाद भंडारे के आयोजन किये गये। रानीताल चौक हनुमान मंदिर में श्री बजरंग मठ सूपाताल में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाई गई। कल सुबह से देर रात तक नगर के हनुमान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम के साथ श्रद्धालुओं की रेलमपेल मची रही। विगत वर्षें से हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धा और आस्था का सैलाब बढ़ता जा रहा है।

### अखण्ड रामायण पाठ चलते रहे

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के प्राय सभी हनुमान मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ चलते रहे जिनके समापन पर हवन पूजन हुआ और दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया गया। शाम को मंदिरों में जो भीड़ शुरू हुई तो मध्य रात्रि तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। जगह-जगह भंडारों के साथ आने जाने वाले राहगीरों को प्रसाद वितरण भी किया जाता है। श्री बाल रुपी हनुमान मंदिर लेबर चौक में सुंदरकांडपाठ के साथ हवन, पूजन हुआ। यहां समाज सेवी रामकुमार साहू, कैलाश साहू, दीपक साहू, आभा, रजनी एवं एडवोकेट सुर्वणा वरण्यम ने अनुष्ठान में भाग लिया। इसी तरह नटबाबा मंदिर गढ़ाफाटक में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### नयागांव श्री हनुमान मंदिर में कार्यक्रम


नयागांव जबलपुर स्थित हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों द्वारा मंदिर में अखंड रामायण का पाठन भी किया गया। श्री हनुमान जन्म महोत्सव पर पूजन अर्चन ,हवन, इत्यादि के बाद विशाल भंडारे भी कार्मिकों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्मिक और श्रद्धालु जन शामिल रहे।

### हनुमान शक्ति मंदिर सुनरहाई

सराफा बाजार सुनरहाई चौक पर स्थित श्री हनुमान शक्ति मन्दिर में पुजारी ओंकार मिश्रा ने धार्मिक अनुष्ठान किए। वे पिछले 46 सालो से यहां सेवा करते आ रहे हैं यहां जब कुछ भी नहीं था हनुमान जी की प्रतिमा के अलावा यहां के कुछ लोगों के सहायता से मंदिर का निर्माण कराया गया। खासकर अंजना राठौर बसंती सोनी, बबीता सोनी और नमिता राठौर का हर पर्व पर विशेष योगदान रहता है।

## संकट कटै मिटै सब पीरा जो सुमिरै हनुमत बलवीरा

## मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों की धूम



### श्री दरबार में हनुमान जी का जन्मोत्सव संपन्न

शक्ति नगर स्थित श्री दरबार मंदिर में 25 वर्ष पूर्व स्थापित वीर हनुमान प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के रजत जयंती के पावन उपलक्ष में मारुति नंदन का जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। पंडित रमाशंकर तिवारी द्वारा श्री गणेश पूजन एवं देव आवाहन से शुभारंभ हुआ उसके बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत हुई मंगलवार को शुभमुहूर्त में श्री बजरंगबली का विधि विधान से अभिषेक पूजन किया गया। रामायण समाप्ति के उपरांत महायज्ञ हवन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि श्री रितेश टंडन का परिवार विगत 20 वर्षों से यह आयोजन श्री दरबार में करते आ रहे हैं। अद्वितीय जगमग रोशनी से सजावट में चार चांद लग गए श्री दरबार मंदिर का दर्शन करने श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा ,श्री दरबार मंदिर में भगवान विट्ठल रुकमाई समवेत श्री साईं बाबा, श्री गजानन महाराज एवं श्री दादा जी धूनी वाले जी एक समवेद पुनीत आसन पर विराजमान है।



### 108 धुनों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा मंगलवार को चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती के अवसर पर 108 हनुमान चालीसा की धुनों के साथ परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में स्वामी रामचंद्र दास महाराज सिद्धन माताजी सानिध्य में सुबह 4:00 बजे से ही विभिन्न जत्थों के साथ 429 वी पंचकोषी निकाली गई। परिक्रमा के संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज का तेल चित्र को साथ में रखकर हाथ में भगवा झंडा लेकर नर्मदे हर का उदघोष के साथ आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन होते हुए लम्हेटाघाट नाव पार करके शनि मंदिर इमलिया न्यू भेड़ाघाट सरस्वती घाट नाव पार कर हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। सभी भक्तों को स्वामी जी द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल योगचार्य डा शिव शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे झल्लू पटेल श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाबवानी प्रभाकर चतुर्वेदी गुड्डु नेता अनेक संकीर्तन मंडल उपस्थित थे।



### श्री राम भक्त हनुमान पर डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन

हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर रामायण और हनुमान जी से संबंधित डाक टिकट श्याम नारायण तिवारी और भानु साहू द्वारा आयोजित की गई। श्याम तिवारी ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा हनुमान जी पर वर्ष 2017 में डाक टिकट जारी की गई जबकि इंडोनेशिया और लाओस डाक विभाग द्वारा 1962 में ,कंबोडिया द्वारा 1964 में हनुमान जी डाक जारी की गई। प्रदर्शनी में इन डाक टिकट को देखा गया। वर्ष 2017 में भारतीय डाक विभाग द्वारा 11 टिकिटो का एक सेट जारी किया था जिसमे हनुमान जी को अशोक वाटिका में माता सीता को प्रभु श्री राम का संदेश देते हुए दिखाए गया हैं। एक अन्य डाक टिकट में टिकट पर संजीवनी बूटी लेकर आते हनुमान को दिखाया गया है। इससे पूर्व भी डाक विभाग ने रामायण के सभी महत्वपूर्ण प्रसंगों को दर्शाके 11 स्मारक डाक टिकटों का सेट 22 सितंबर, 2017 को जारी किया था। रामेश्वर सोनी ,विवेक तिवारी, पूर्व पार्षद अभिषेक यादव,संजय पटेल, राजू साहू, नीलेश साहू ,भानु साहू ,अभिषेक साहू , केशरवानी, समर्थ साहू , प्रखर श्रीवास ,अमन गुप्ता ,मयूर महाडिक , हनी नामदेव ,हर्ष नामदेव, पुष्पेंद्र साहू, मनीष केशरवानी ,गौरव केशरवानी , एड. शिवांश श्रीवास, राशुल कावड़े,श्रीधर तिवारी ,गौरी तिवारी, श्रेया तिवारी , अन्या साहू , काव्यांश, आराध्या सोनी, अबीर साहू ,अथर्व साहू ,ने प्र्दर्शनी को उत्साह पूर्वक देखा।

## हनुमान जन्मोत्सव में रही हवन पूजन भंडारों की धूम



रानीताल गेट नंबर 1 में विराजे हनुमान जी।



रानीताल गेट नंबर 2 में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा



खारीघाट हनुमानगढ़ी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।



हनुमान मंदिर में हनुमान जी को लगा लड्डुओं का भोग।



रामलला गौरीघाट में द्वापर युग की सिद्ध बाल हनुमान प्रतिमा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर अनेक आयोजन मंदिरों में दिनभर चले हवन पूजन भण्डारे

# वाहन रैली में देखने मिला भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम, एक जुट दिखा हिन्दू समाज

हरिभूमि न्यूज सिहोरा।

अंजनी के लाल महाबली संकट मोचन पवन पुत्र हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को सिहोरा नगर एवं उपनगर खितौला के साथ ग्रामीण क्षेत्रो में श्रद्धा और आस्था के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान मैं निकाली गई विशाल एवं ऐतहासिक वाहन रैली में भक्ति और शक्ति का बेजोड़ संगम देखने को मिला।

### हनुमान भक्तों पर मातृशक्ति ने की पुष्प वर्षा





### श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा

हनुमान मंदिरो में शाम तक हवन, पूजन, कन्या भोजन तथा भंडारे का दौर चलता रहा। वहीं वाहन रैली पथ पर श्रद्धा का सैलाव उमड़ पड़ा तथा वाहन रैली में चल रहे हनुमान राम भक्तों पर महिलाओं ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रैली की खास बात यह रही की नगर के इस सबसे बडे धार्मिक आयोजन में सारा हिन्दू समाज एक जुट दिखा। इसी तरह जगह जगह आतिशबाजी का अदभूत नजारा देखने को मिला।

### वाहन रैली में हजारों दो पहिया वाहन शामिल रहे

जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन के बाद बाबाशाला से अपने वाहनो में भगवा ध्वज लगाकर हजारों युवाओं के दोपहिया,तिपहिया वाहनों के साथ विशाल वाहन रैली अंजनी के लाल की, जय श्रीराम के गगन भेदी जयकारे लगाते हुये निकली करीब 2 किलोमीटर की लम्बी इस रैली में हजारो युवा बच्चे शामिल हुए।विभिन्न मार्गो से होकर निकली रैली में शामिल हनुमान भक्तो का उत्साह देखते ही बन रहा था। तथा इस दिन पूरा हिन्दु समाज पवनपुत्र की स्तुती करने मैं एक जुट दिखा। रैली समापन स्थल पुराना बस स्टेंड में पवव पुत्र की आरती के बाद शानदार बैंड की प्रस्तुति दी गई

### सिहोरा खितौला में जगह जगह स्वागत

भगवा रंग में रंगी विशाल वाहन रैली का सिहोरा खितौला में झंडाबाजार, मैना कुआं, बाबाताल, कटरा मोहल्ला, खितौला बाजार, सहित अनेक स्थानो पर भव्य स्वागत के अलावा पुड़ी सब्जी, लस्सी, आलूबंडा, पोहा, शर्बत, बूंदी, केला, जलेबी, पानी सहित अन्य खाद्य सामग्री के अनेक स्टाल लगाकर रैली के समापन पर भव्य स्वागत किया गया।

### हिन्दू उत्सव समिति ने किया आभार व्यक्त

हिन्दू उत्सव समिति ने ऐतिहासिक वाहन रैली को सफलतापूर्वक सपन्न कराने में सहयोग के लिये समस्त हिन्दू समाज, जनप्रतिनिधियों, पुलिस, प्रशासन, पत्रकारों, नगर पालिका सहित आम नागरिको के प्रति आभार व्यक्त किया।

### दिन भर चले मंदिरों मे भण्डारे


पवन सुत के जन्मोत्सव पर सिहोरा रोड रेल्वे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर,सिविल कोर्ट के सामने,पुराना बस स्टेण्ड के पास स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बाबाशाला,सरावगी मोहल्ला, हरियाणा गैरिज के सामने, ज्वालामुखी तिराहा वार्ड क्रमांक 2,नया बस स्टैंड आदि में हनुमान जी के मंदिरो में दिनभर भण्डारे चलते रहे। इसी तरह शाम को पुराने बस स्टेंड स्थित धर्मेन्द्र टी स्टाल में, विधायक कार्यालय के बगल में सिविल कोर्ट के बगल में, पुराने बस स्टेंड स्थित जय टी स्टाल के बगल में रात में भी भंडारे का आयोजन किया गया।

### नौ दिवसीय आयोजन

# श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारंभ आज से

**सिहोरा।** वैशाख मास के पावन अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 सिविल लाइन स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में बुधवार से श्रीमद् भागवत महापुराण रहस्य चिंतन कथा का शुभारंभ होगा कथा का शुभारंभ कथा स्थल से शाम 5 बजे प्रारंभ कलश यात्रा से होगा कलश यात्रा बाबाताल शिव मंदिर, मैंना कुआं,गौरैया मोहल्ला होकर वापस कथा स्थल पहुंचेगी यहां सुखदेव आगमन भागवत महामत्य कथा का पाठ होगा इसके पहले संयोजक यजमान सुबोध पांडे गीता पांडे व्यासपीठ का पूजन करेंगे नौ दिवसीय आयोजन में गुरुवार को शिव चरित्र ध्रुव चरित्र पाठ होगा कथा व्यास श्री गुप्तेश्वर धाम के पीठाधीश्वर डॉ स्वामी मुकुंद दास महाराज मोक्षदायिनी अमृतमय श्रीमद् भागवत कथा तथा प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।





### जय श्रीराम जय जय हनुमान उद्घोष के साथ निकली शोभायात्रा

**मझौली।** हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर नगर मझौली में जगह-जगह हनुमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। त्यागी आश्रम मझौली एवं कोस्टा मोहल्ला हनुमान मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। विश्व हिंद परिषद बजरंग दल मझौली प्रखंड के द्वारा एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया यह शोभा यात्रा पवनपुत्र आश्रम इंद्राणा रोड मझौली से प्रारंभ हुई और नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए जय श्रीराम जय जय हनुमान उद्घोष के साथ विशाल जन सेलाब भक्तों का आगे बढ़ता गया जो भगवान विष्णु बाराह मंदिर से होते हुये त्यागी आश्रम बाजार प्लांट में संपन्न हुआ। नगर में मुख्य मुख्य जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया।



### गोताखोरों की टीम तलाश में जुटी

# 24 घंटे बाद भी जिलहरी घाट में डूबे युवक लापता

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत जिलहरी घाट में नहाते वक्त डूबे दो युवकों का 24 घंटे बाद भी पता नहीं चल सका है. एसडीआरएफ की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही हैं। घटनास्थल पर नम आंखों के साथ डूबे युवकों के परिजन भी मौजूद हैं।



गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय गांधी नगर निवासी 30 वर्षीय सनी कुरील अपने दोस्त 35 वर्षीय नीतू कुरील और 32 वर्षीय अजय पासी के साथ सोमवार की दोपहर 12 बजे के लगभग जिलहरी घाट नहाने गए थे। जहां पर तीनों मित्र नहा रहे थे। इस दौरान सनी, नीतू कुरील व अजय पासी चबूतरे पर आए और पानी में छलांग लगा दी. सनी तो तैरकर बाहर आ गया, लेकिन अजय पासी व नीतू गहराई में जाकर डूब गए. दोनों युवकों को बाहर न आते देख सनी सहित अन्य लोगों में चीख पुकार मचाई। यहां तक की शोर मचाकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए। कुछ ने तलाश भी लेकिन दोनों का कही पता नहीं चल सका। घटना की खबर मिलते ही गौरीघाट पुलिस की टीम और एसडीआरएफ दल के साथ मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू प्रारंभ किया। यह समाचार लिखे जाने के बाद घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी नदी में डूबे युवकों का कोइ पता नहीं चल सका। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जिस जगह पर दोनों युवक नहा रहे थे, वहां पर बहुत गहराई है और भवंर भी बनती है, इससे पहले भी यहां पर कुछ लोगों हादसे का शिकार हो चुके है।

### सागर जाते समय डुमना में आज रुकेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज बुधवार को डुमना विमानतल पर अल्प प्रवास होगा। इसको लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम डुमना विमानताल पर किए गए। जिला व पुलिस प्रशासन ने डुमना व उसके 15 किलोमीटर के एरिये में नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर विमानताल में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई। प्रधानमंत्री मोदी यहां विशेष विमान से पहुंचेंगे और हैलीकॉप्टर से पड़ोसी जिले सागर में चुनावी सभा को संबोधित करने रवाना होंगे। एयरपोर्ट परिक्षेत्र की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए आईजी अनिल कुशवाहा, संभागायुक्त अभय वर्मा, डीआईजी टीके विद्यार्थी, कलेक्टर दीपक सक्सेना, सहित तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने डुमना में की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान डेढ़ दर्जन से अधिक राजपत्रित अधिकारी और 200 जवानों का बल तैनात किया गया।

### पशिचम मध्य रेल महाप्रबंधक ने की समीक्षा बैठक

# रेल पटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए क्या किया?

### अधोसंरचना कार्य, सेफ्टी एवं ट्रेन यात्रियों की सुरक्षा पर भी हुई चर्चा




**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने मंगलवार को प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सेफ्टी, पंक्चुवेलिटी, रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन पर जोर देने पर बात हुई। इसके साथ ही माल ढुलाई से आय की वृद्धि, अधोसरंचनात्मक कार्यों की समीक्षा, समय पालन बद्धता, बिजनेस डेवलपमेंट जैसे अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अतिरिक्त वन्दे भारत ट्रेन की मॉनेटरिंग, गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल, गुड्स शेड उन्नयन कार्य इत्यादि विषयों पर भी चर्चा की।

महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेलवे में चल रही परियोजनाओं और अन्य विकासात्मक अधोसरंचना कार्यों के निर्धारण, समापति क्रियान्वयन और प्रगति के लिए पश्चिम मध्य रेल के पूंजी व्यय योजना पर विस्तार से चर्चा की। महाप्रबंधक ने कहा कि संरक्षा पश्चिम मध्य रेलवे की प्राथमिकता हैं। उन्होंने रेलपथों, वेल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने तथा रेल पटरियों के किनारे पड़े स्क्रैप को हटाने के लिए जोन पर किए गए कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने मंडलों को निर्देश दिए कि वे रेलगाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए संरक्षा अभियानों का अनुपालन सुनिश्चित करें और जहां भी जरूरी हो वहां कर्मचारियों को परामर्श दें। उन्होंने कहा कि सिग्नलों, रेल फ्रेक्चरों और रेल वेल्डों की व्यापक निगरानी की जानी चाहिए। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलता को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रेल दुर्घटनाएं न हों इसके लिए ड्यूटी पर सतर्क रहें। श्रीमती बंदोपाध्याय ने विभागीय प्रमुखों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे सुरक्षा एवं संरक्षा और यात्री सुविधाओं की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समय से ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित करे। इसके साथ ही माल लदान में भी तेजी लाएं, जिससे रेलवे की आय बढ़े।

### ट्रैक्टर और ट्राली के बीच में फंसे युवक की मौत, 3 घायल

**जबलपुर।** शहपुरा थाना अतंर्गत मंदिर घाट की घाटी में पत्थर से लोड एक टैक्टर ट्राली के आगे का हिस्सा उठने के कारण टैक्टर में बैठे चार लोग टैक्टर और ट्राली के बीच फंस गए, जिससे एक युवक की मौत हो गई वहीं तीनों को उपचार के लिए शहपुरा अस्पताल ले जहां से उन्हें मेडीकल रेफर कर दिया गया। शहपुरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलपठार निवासी 40 वर्षीय नीलकंठ चौधरी मजदूरी व ड्राईवरी का काम करते है। गत शाम नीलकंठ टैक्टर ट्राली में मंदिर घाट से पत्थर एवं गिट्टी लेने राजकुमार गौंड, परवेज गौंड, राकेश बर्मन के साथ गया था। पत्थर टैक्टर ट्राली में लोड कर ले जाते समय घाटी पर टैक्टर के आगे का हिस्सा उठ गया, जिससे टैक्टर में बैठे नीलकंठ, राजकुमार, परवेज और राकेश बर्मन टैक्टर एवं ट्राली के बीच फंस गए, जिससे चारों को चोटें आ गई। चारों को शहपुरा अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने नीलकंठ को मृत घोषित कर दिया वहीं राजकुमार, परवेज और राकेश को चोटें अधिक आने पर मेडीकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मूल पदस्थापना में वापस होगा चपरासी, सोशल मीडिया के अकाउंट भी कराए बंद

# कलेक्टर ने बंद कराया कंट्रोल रूम

हरिभूमि, जबलपुर।

कोरोना काल के समय कलेक्ट्रेट में बनाए गए कंट्रोल रूम में बैठकर जिलेभर के अधिकारियों को रौब झाड़ने वाला चपरासी अब जल्द ही अपने मूल विभाग में भेज दिया जाएगा। इतना ही नहीं चपरासी की अर्मयादित हरकतों पर कलेक्टर दीपक सक्सेना ने संज्ञान लेते हुए यह निर्णय लिया है कि कोरोना काल के समय बनाए गए कंट्रोल रूम का अब कोई औचित्य नहीं है इसलिए इसे तत्काल प्रभाव से मंगलवार को बंद करा दिया गया। सूत्रों के अनुसार वैसे भी यह कंट्रोल रूम केवल कमीशनबाजी और सेटिंग बाजी का अड्डा बनकर रह गया था। यहां पदस्थ चपरासी (वॉटर मैन) पूर्व के अधिकारियों की चापलूसी कर प्रभारी बनकर बैठा था और कलेक्ट्रेट के अन्य विभागों के साथ ही दूसरे अधिकारी-कर्मचारियों पर रौब झाड़ता था। जिसकी शिकायत लगातार कलेक्टर को प्राप्त कर रही थी। विगत दिवस उसके द्वारा अति उत्साह में जनसंपर्क विभाग को दरकिनार कर किए गए कार्य से कलेक्टर को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा था।

अलग खबर




### छात्रावास में करता था वाटर मैन का कार्य

बताया जाता हैं कि कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम का प्रभारी बने चपरासी की मूल पदस्थापना अधारताल स्थित छात्रावास में बतौर वाटर मैन थी। कोरोना के समय वहां कार्य नहीं होने की वजह से सहायता के लिए बने अस्थाई कंट्रोल रूम में अटैच कर दिया था। धीरे-धीरे चापलूसी कर वहां खुद का प्रभारी बताने लगा था।

### पैसे लेकर घर से बनाकर देता था पास

बताया जाता हैं कि कोरोना के समय जब लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना रहता था तो चपरासी अपने घर से कलेक्ट्रेट की सील लगाकर पास जारी करता था जिसके एवज में वह पीड़ितों से पैसे लेता था। जिसकी शिकायत होने पर पूर्व कलेक्टर भरत यादव ने उसको हटा दिया था। लेकिन इसी बीच कलेक्टर यादव का तबादला हो गया फिर कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के आते ही चपरासी की जालसाजी पुनः शुरु हो गई। इतना ही नहीं जमीन संबंधी कामों को भी वह मिनटों में करा देता था।

### ग्रुप से लेफ्ट हुए अधिकारी, चर्चा सरगर्म

हरिभूमि में प्रकाशित चपरासी चला रहा कलेक्ट्रेट का कंट्रोल रूम की खबर के बाद कलेक्टर दीपक सक्सेना भी एक्शन मोड में आ गए। उन्होंने तत्काल जनसंपर्क समेत अधीनस्थ अधिकारियों को तलब कर चपरासी की कुंडली खंगाली तो वह भी हैरान रह गए। कलेक्टर ने त्वरित एक्शन लेते हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सोशल मीडिया में चपरासी द्वारा बनाए गए ग्रुप से अलग होने के निर्देश दिए। जिसके बाद धड़ाधड़ सभी लेफ्ट होते गए। वहीं दिनभर कार्यालय की गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्माया रहा।




**कु. सुनीता पासी-** वाजपेयी कम्पाउंड पेंटीनाका सदर निवासी श्री श्याम लाल पासी की पुत्री कु. सुनीता पासी (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी लाल प्रधान-** शीतलामाई आजाद व्यायाम शाला के पास निवासी श्री किशोरी लाल प्रधान (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कृष्ण गोपाल त्रिवेदी-** राइट टाउन निवासी श्री कृष्ण गोपाल त्रिवेदी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील चौधरी-** बेलबाग निवासी श्री सुनील चौधरी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुभाष तिवारी-** घमापुर निवासी श्री सुभाष तिवारी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश बर्मन-** कंचनपुर रेतनाका ग्वारीघाट निवासी श्री दिनश बर्मन (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राकेश जैन-** रतन नगर निवासी श्री राकेश जैन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई सतनामी-** मदनमहल स्टेशन रोड बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री विश्वनाथ सतनामी की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई सतनामी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती जयंती सेन-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री सुधामय सेन की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती सेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पप्पू कछवाहा-** बंगला नं. 89, वेस्ट लैंड खमरिया निवासी श्री पप्पू कछवाहा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव-** मानव लोक सोसायटी रतन नगर निवासी श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. महिमा राकेसिया-** शुक्ला नगर गढ़ा निवासी श्री नरेंद्र राकेसिया की पुत्री कु. महिमा राकेसिया (16) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175




> लोकसभा चुनाव को लेकर पिछले एक माह से चल रहा चुनावी शोर 24 अप्रैल को शाम छह बजे थम जाएगा। आचार संहिता के लागू होने के पहले ही प्रत्याशियों की घोषणा होने से दोनों दलों को प्रचार के लिए अच्छा खासा समय भी मिल गया। यही कारण है कि दोनों दलों के प्रत्याशियों ने कई गांवों का न सिर्फ दौरा किया, बल्कि सभाओं के जरिए भी वोटरों को साधने की कोशिश की।

**भूपेश बघेल ने स्थानीय सांसद पांडे की सक्रियता को मुद्दा बनाया, पांडे ने गिनाए कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार**

# आरोप-प्रत्यारोप के बीच थमा प्रचार, भाजपा ने मोदी की गारंटी, कांग्रेस ने महंगाई को बनाया मुद्दा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव/कांकेर/ महासमुंद

तीनों लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार प्रमुख रूप से मोदी सरकार और भूपेश सरकार पर टिका रहा।कांग्रेस ने महंगाई और मोदी सरकार की विफलताओं को लेकर प्रचार किया तो भाजपा ने मोदी की गारंटी और भूपेश सरकार के समय कथित भ्रष्टाचार का खूब प्रचार किया।

**कांकेर में मोदी की गारंटी बनी भाजपा का हथियार**

**महासमुंद में सिकासेर बांध का मुद्दा छाया रहा**

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी काफी बढ़ी हुई है। कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मैदान में उतारे जाने से यह चुनाव हाई प्रोफाइल हो गया है। सांसद संतोष पांडे यह चुनाव मोदी की गारंटी पर लड़ते दिखाई दे रहे हैं। पिछले पांच साल में हुए विकास कामों के आधार पर वे जनता के बीच जा रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने इस चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दों की बजाय संतोष के असंतोष पर फोकस कर रखा है। दोनों दलों ने रोड-शो की तैयारियां कर रखी है।

**राजनांदगांव हाई प्रोफाइल, जोरदार प्रचार**




### लोवर जोंक परियोजना और सिकासेर बांध महासमुंद इलेक्शन में बड़ा मुद्दा

महासमुंद लोकसभा चुनाव में इस बार लोवर जोंक परियोजना और सिकासेर बांध से अतिरिक्त पानी को नहर के माध्यम से कोडार तक लाने की योजना के साथ भाजपा और कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में किए गए दावे और वादे चुनाव का केंद्र बने रहें। भारतीय जनता पार्टी मोदी सरकार के काम और तीन विष्णुदेव सरकार के कामों के आधार पर वोट मांग रही है। जनता को भाजपा ने मोदी गारंटी के बारे में बताया तो पांच साल तक भूपेश सरकार के कारनामों को भी गिनाया।

### भ्रष्टाचार और विकास का मुद्दा दिखा कांकेर में

कांकेर में भाजपा के प्रत्याशी भोजराज नाग के लिए भाजपा के द्वारा कांग्रेस से अपेक्षा ज्यादा जनसभा करवाई गई और राष्ट्रीय स्तर के नेता भी पहुंचे। भाजपाइयों के यह मुद्दे रहे कि भूपेश सरकार पांच साल पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी रही। वहीं भाजपा के विष्णु देव सरकार ने 100 दिन में ही मोदी की गारंटी को पूरा कर दिया। मोदी है तो मुमकिन को लेकर भाजपाई जनता तक पहुंचे। भाजपाइयों ने कहा कि नल जल योजना, स्वच्छता अभियान, पीएम आवास, उज्ज्वला गैस योजना, आदिवासी को 5 लाख तक निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ, अयोध्या में राम मंदिर, जम्मू काश्मीर में 370 हटाना जैसे मुद्दो को लेकर जनता के पास पहुंची। भाजपा ने 100 दिन के सरकार ने महतारी वंदन योजना, धान का बोनस, 3100 रुपए में धान खरीदी व अन्य जो वादे किए वो पूरे किए। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर व उनकी टीम ने कहा कि मोदी केवल झूठ बोलने का काम किया है, उन्होंने जो वादे किए वो आज तक पूरे नहीं किए।

## आमने/सामने

### महिलाओं पर प्रधानमंत्री का बयान ओछी हरकत- रंजीत रंजन



राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने कहा, पीएम मोदी ने जो उन्होंने मंगलसूत्र का बयान दिया वह उनकी सोच को बताता है वह महिलाओं को हेय दृष्टि से देखते हैं। एक महिला होने के नाते मैं इसकी निंदा करती हूं। देश की मजबूत महिलाये हैं। प्रधानमंत्री का बयान बहुत ही छोटी और ओछी हरकत है। आप किसी का मंगलसूत्र के नाम से तुलना कर रहे हैं और मंगलसूत्र एक महिला का सुहाग होता है और महिला को हेय दृष्टि से देखने का अधिकार पूरे हिंदुस्तान में किसी को भी नहीं है न ही प्रधानमंत्री को है।

### ओछी हरकत की बात करने वाले कांग्रेसी अपने गिरेबां में झांकें- सुनील सोनी



भाजपा नेता और सांसद सुनील सोनी ने कहा, प्रधानमंत्री ने महिला शक्ति को अपनी योजनाओं के जरिए सशक्त बनाया है। मोदी तो महिला शक्ति का वंदन और अभिनंदन करते हैं। राहुल गांधी ने तो हिंदू धर्म में महिला शक्ति का जिस तरीके से उपहास उड़ाया, उसे पूरे देश ने देखा। ओछी हरकरत की बात करने वाले कांग्रेसी नेता अपने गिरेबां में पहले झांकें। जिन्होंने प्रभु राम और माता सीता पर अभ्रद भाषा बोलने से भी नहीं संकोच करते हैं। इन कांग्रेसियों के तुष्टिकरण का प्रणाम है।

**हॉट सीट मथुरा को विपक्षी प्रत्याशियों ने बनाया प्रवासी और ब्रजवासी के बीच मुकाबला**

# त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में आसान नहीं ड्रीम गर्ल की राह!

*उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट मथुरा में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी के रुप में ड्रीम गर्ल के नाम से लोकप्रिय अभिनेत्री हेमा मालिनी तीसरी बार चुनाव मैदान में है, जहां उनके लिए जीत की हैट्रिक बनाने का मौका है। धार्मिक नगरी मथुरा की इस लोकसभा सीट पर बदलते सियासी समीकरणों के बीच हेमा मालिनी को कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के पूर्व आईआरएस अधिकारी सुरेश सिंह इस बार त्रिकोणीय चुनावी मुकाबले में कड़ी टक्कर देते नजर आ रहे हैं। हालांकि जाट बाहुल्य इस सीट पर भाजपा के सहयोगी दल रालोद के समर्थन से भाजपा को उम्मीद है, लेकिन कांग्रेस व बसपा के प्रत्याशियों ने इस बार चुनाव को ब्रजवासी बनाम प्रवासी बनाने की रणनीति के सामने हेमा मालिनी के सामने बड़ी चुनौती होगी।*

ओपी पाल ▶▶| नई दिल्ली

पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की तरह ही धार्मिक और भगवान कृष्ण की नगरी के रूप में मथुरा के सियासी इतिहास का अलग ही महत्व है। मथुरा-वृंदावन, मांट, छाता, गोवर्धन व बलदेव विधानसभा क्षेत्रों से बनी जाट बाहुल्य मथुरा लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण की परंपरा को ध्वस्त करके लगातार पिछले दो लोकसभा चुनाव जीतकर ड्रीमगर्ल के रूप में लोकप्रिय बॉलीवुड की अदाकारा हेमामालिनी संसद पहुंची है। अपने आपको जाट परिवार की बहू के रुप में पेश करने वाली हेमा मालिनी को चुनौती देने के लिए कांग्रेस और बसपा ने इस बार बड़ा दांव खेला है। भाजपा की हेमा मालिनी के पक्ष में यह पक्ष भी महत्वपूर्ण है कि रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी भी इस बार उनके साथ है, जिन्हें उन्होंने 2014 के चुनाव में इसी सीट से शिकस्त दी थी। वैसे भी मथुरा में लंबे समय से ध्रुवीकरण की सियासत हावी रही है। हालांकि इस बार अयोध्या में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के माहौल में कृष्णनगरी मथुरा में भी राम मंदिर की लहर और पीएम मोदी के नाम पर हेमा मालिनी को अपनी जीत की उम्मीद है, लेकिन विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस और बसपा के मजबूत प्रत्याशियों के चुनाव से बने त्रिकोणीय मुकाबले में उनके लिए यह चुनावी जंग जीतना इतना आसान भी नहीं है, जिस तरह के चुनावी समीकरण की गोटियां फिट करने का प्रयास किया जा रहा है।



**इस सीट पर 26 अप्रैल को होगा मतदान**

**अटल ने गंवाई थी जमानत**

मथुरा लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाली जाए तो इस सीट पर दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी भी अपनी जमानत नहीं बचा पाए थे। यानी 1957 के चुनाव में इस सीट पर निर्दलीय महेन्द्र प्रताप सिंह ने चुनाव जीता था, लेकिन अटल ने बलरामपुर सीट जीतकर संसद में दस्तक दी थी। हालांकि अभी तक यहां से भाजपा प्रत्याशियों ने सबसे ज्यादा छह बार चुनाव जीत दर्ज की हैं और खासकर नब्बे के दशक में लगातार भाजपा के चौधरी तेजवीर सिंह चुनाव जीतकर संसद पहुंचे हैं, हालांकि उससे पहले तीन चुनाव भाजपा समर्थिक जनता पार्टी व जनता दल ने भी चुनाव जीते हैं। उसके बाद दो हजार के दशक में भाजपा पिछले दोनों चुनाव जीत पाई है।

### भाजपा का बढ़ा मत प्रतिशत

*लोकसभा 2014 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने सर्वाधिक 53.29 प्रतिशत वोट शेयर हासिल कर रालोद के जयंत चौधरी को पराजित किया था, जिन्हें 34.21 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि साल 2019 के चुनाव में हेमा मालिनी ने भाजपा के वोट प्रतिशत में बढ़ाते हुए 61 फीसदी वोट लेकर लगातार दूसरी जीत दर्ज कर संसद में प्रवेश किया। इसी लिहाज से इस बार के चुनाव में भाजपा की हेमा मालिनी को अपनी जीत की हैट्रिक बनाने की उम्मीद है।*

### सांसद चुनेंगे 17.48 लाख मतदाता

मथुरा लोकसभा सीट पर 17,48,115 मतदाताओं का चक्रव्यूह बना है। जिसमें 9,54,135 पुरुष, 7,93,750 महिला और 230 थर्डजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस सीट पर 1,104 मतदान केंद्र और 2,014 बूथ यानी मतदान स्थल बनाए गये हैं। इस सीट पर चुनाव मैदान में उतरे 15 प्रत्याशियों में प्रमुख रुप से चुनावी मुकाबला भाजपा की हेमा मालिनी, कांग्रेस के मुकेश धनगर और बसपा के सुरेश सिंह के बीच ही होता नजर आ रहा है। जबकि इनके अलावा राष्ट्रीय समता विकास पार्टी के जगदीश प्रसाद कौशिक, सुरेशचंद्र बघेल, कमलकांत शर्मा, क्षेत्रपाल सिंह, प्रवेशानंद पुरी, भानु प्रताप सिंह, मोनी फलहारी बापू, योगेश कुमार तालान, रवि वर्मा, डॉ. रश्मि यादव, राकेश कुमार और शिखा शर्मा भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### जातीय समीकरण

मथुरा लोकसभा सीट पर जातिगत समीकरण पर गौर की जाए, तो मथुरा लोकसभा सीट पर मतदाताओं के बने चक्रव्यूह में जाट और ब्राह्मण समुदाय लगभग बराबरी में 20-20 प्रतिशत हैं। हालांकि इस सीट को जाट बाहुल्य ही माना जाता रहा है। वहीं 16 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत वैश्य, 18 प्रतिशत अनुसूचित जाति और छह प्रतिशत मुस्लिम मतदाता शामिल हैं।

## 'हमें कांग्रेस पार्टी को लंका समझकर जलाना होगा'

एजेंसी ▶▶| अमेठी



**स्मृति ईरानी ने कहा मोदी जी श्रीराम हैं और हम सब उनके हनुमान**

लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अमेठी में कई दिनों से चुनाव प्रचार कर रही हैं। अमेठी संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पहुंच कर जनता से मुलाकता कर रही हैं। पिछले 5 सालों में सरकार के किए गए विकास कार्यों को लोगों को बता रही हैं। साथ ही इस बार भी लोगों से अपने लिए मतदान करने की अपील कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पार्टी को लंका बताया। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना की श्रीराम से की। उन्होंने कहा कि हम मोदीजी के हनुमान हैं और हमें अब अपनी पूछ से कांग्रेस पार्टी रूपी लंका में आग लगानी है। केंद्रीय मंत्री स्मृति को भाजपा ने तीसरी बार टिकट देकर स्मृति ईरानी पर फिर से एक बार भरोसा किया है। 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति ईरानी, राहुल गांधी को चुनाव हराकर अमेठी की सांसद बनीं। पिछले 5 सालों में अमेठी लोकसभा में स्मृति ईरानी किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार यहां डटी हुई हैं।

### राहुल गांधी फिर दिखाएंगे सपने

अमेठी लोकसभा में लोगों से मुलाकता कर के फिर से एक बार कमल खिलाने की बात कर रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला और कहा कि राहुल गांधी 26 अप्रैल के बाद अमेठी आएंगे। फिर से अमेठी के लोगों को छलेंगे और बड़े-बड़े सपने दिखाएंगे। पिछले 50 सालों में कांग्रेस पार्टी ने कुछ नहीं किया, जितना विकास अब देख रहे हैं, वो विकास अमेठी में कभी नहीं हुआ था।

## ईश्वरप्पा को 6 साल के लिए बीजेपी ने पार्टी से निकाला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



**ईश्वरप्पा ने तोड़ी चुप्पी कांग्रेस में शामिल नहीं होऊंगा**

बीजेपी ने बागी नेता केएस ईश्वरप्पा पर कार्रवाई करते हुए उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। हालांकि, पार्टी की ओर से की गई कार्रवाई पर अब बागी नेता केएस ईश्वरप्पा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने अपने अगले कदम को लेकर बड़ा बयान दिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केएस ईश्वरप्पा ने कहा कि वह कांग्रेस में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि मैं निष्कासन से नहीं डरूंगा। चुनाव के बाद फिर से बीजेपी में शामिल होऊंगा। केएस ईश्वरप्पा कर्नाटक की शिवमोगा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट से बीजेपी ने येदियुरप्पा के बेटे राघवेंद्र को मैदान में उतारा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईश्वरप्पा अपने बेटे के लिए पार्टी से टिकट चाहते थे, लेकिन उनके बेटे को टिकट नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने येदियुरप्पा के बेटे के खिलाफ चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए नामांकन दाखिल कर दिया था। ईश्वरप्पा के बागी रूख के बाद उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा मनाने की कोशिश भी की गई। ये कोशिश विफल हुई तो बीजेपी ने पूर्व सीएम केएस ईश्वरप्पा के खिलाफ एक्शन लिया और उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते छह साल के लिए निकाल दिया दिया गया।

### कर्नाटक में मतदान

बता दें कि कर्नाटक की 29 लोकसभा सीटों पर इस बार दो चरणों में चुनाव होगा। 14 सीटों पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि बाकी 14 सीटों पर मतदान तीसरे चरण में 7 मई को होगा।

**बीजेपी जीत चुकी है यहां से निर्विरोध चुनाव**

# सूरत से कांग्रेस उम्मीदवार रहे कुम्भानी होंगे भाजपा में शामिल!

एजेंसी ▶▶| सूरत



लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही बीजेपी को एक लोकसभा सीट पर जीत मिल गई है। सूरत लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुम्भानी का नामांकन पहले रद्द हो गया और उसके बाद सूरत लोकसभा से आठ निर्दलीयों ने भी अपना नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध जीत गए। अब बड़ी खबर आ रही है कि कांग्रेस के उम्मीदवार रहे निलेश कुम्भानी बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार वह इसी हफ्ते बीजेपी से जुड़ सकते हैं।

**हस्ताक्षर में सामने आई थी गड़बड़ी :** निलेश कुम्भानी के प्रस्तावको के हस्ताक्षर में गड़बड़ी सामने आई थी। इसी का हवाला देते हुए चुनाव आयोग ने उनका नामांकन रद्द किया था। बीजेपी उम्मीदवार मुकेश दलाल को जीत का सर्टिफिकेट भी मिल चुका है।

### कांग्रेस पहुंची सुप्रीम कोर्ट

कांग्रेस नेताओं का एक डेलिगेशन मख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त से मिला। यहां पर उन्होंने मांग की है कि सूरत सीट पर दोबारा से चुनाव प्रक्रिया कराई जाए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने चीफ इलेक्शन कमीशनर से आग्रह किया है कि सूरत सीट पर चुनाव स्थगित करवा दिए जाएं। इस बीच कांग्रेस के अंदर ही बगावत देखने को मिल रही है। कांग्रेस के नेता असलम सायकलवाला ने कहा है कि निलेश कुम्भानी ने टिकट का सौदा कर लिया है और वह बिक चुके हैं। उन्हें उम्मीदवार बनाना कांग्रेस की सबसे बड़ी गलती है।

**बंगाल में बोले गृहमंत्री अमित शाह**

# 'भाजपा को वोट दें, ममता के गुंडों को उल्टा लटका देंगे'

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी में नागरिकता संशोधन अधिनियम को छूने की हिम्मत नहीं है, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी हिंदू शरणार्थियों को नए कानून के तहत नागरिकता मिलेगी। अमित शाह ने करनदिघी में चुनावी रैली के दौरान कहा तृणमूल के शासन में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा बंगाल की मुख्यमंत्री सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ नहीं रोक सकतीं. "क्या ममता बनर्जी घुसपैठ रोक सकती हैं? वह नहीं रोक सकतीं। केवल (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदीजी ही घुसपैठ रोक सकते हैं। शाह ने रायगंज से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल के समर्थन में रैली करते हुए कहा पिछली बार आपने हमें 18 सीटें दी थीं। मोदी ने राम मंदिर दिया। इस बार हमें 35 सीटें दीजिए, हम घुसपैठ रोक देंगे।

### 'संदेशखाली में अत्याचार किया गया'

शाह ने अनियमितताओं के कारण सरकारी स्कूल कर्मचारियों की लगभग 25,000 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का भी जिक्र किया। साथ ही कहा ममता बनर्जी "मां, माटी और मानुष" के नारे पर सत्ता में आई थीं। संदेशखाली में मां पर अत्याचार किया गया, माटी को बांग्लादेशी घुसपैठियों को दे दिया गया और मानुष को भ्रष्टाचार की मार झेलनी पड़ रही है।" उन्होंने कहा, "भाजपा को वोट दें, ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटकाया जाएगा और सीधा किया जाएगा।

**कांग्रेस, भाजपा जैसे राजनीतिक दलों को चुनाव चिह्न मिलने की है अपनी दास्तान**

# कांग्रेस को 'हाथ' और बीजेपी को 'कमल' मिलने की कहानी

*'चुनाव चिन्ह' किसी भी दल के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए लड़ाई तक लड़ी जाती है। शिवसेना और राकांपा के हालिया उदाहरण हमारे पास हैं ही, जिनमें दो फाड़ होने के बाद इसके लिए काफी जोर-आजमाइश हुई। क्या आप जानते हैं कि किसी भी राजनीतिक दल को चुनाव लड़ने के लिए 'चुनाव चिन्ह' कैसे दिया जाता है। यानी कांग्रेस को पंजा और बीजेपी को कमल या बसपा को हाथी का सिंबल कैसे मिला?*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजनीतिक दलों को चुनाव चिन्ह दिए जाने की जरूरत शिक्षा की कमी से जुड़ी थी। साल 1951-52 के पहले लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने महसूस किया कि ऐसे देश में चुनाव चिन्ह बहुत महत्वपूर्ण है जहां लोग कम-पढ़े लिखे हैं और साक्षरता दर 20% से कम है। ऐसे में लोगों को एक दो दलों के बीच फर्क कराने के लिए या ये कहें कि पहचान कराने के लिए चुनाव चिन्ह दिए गए। ऐसे चुनाव चिन्ह जिन्हें आसानी से पहचाना जा सके और जिनमें धार्मिक एंगल ना हो—जैसे गाय, मंदिर, राष्ट्रीय ध्वज आदि। जब पहली बार चुनाव चिन्ह बांटे गए तो जिन पार्टियों को राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों के रूप में मान्यता दी गई थी उन्हें चुनाव आयोग ने 26 चुनाव चिन्हों की एक लिस्ट सौंपी थी।

**ऐसे बांटे गए चुनाव चिह्न**




चुनाव आयोग के कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स 1961 के नियम नंबर 5 और 6 चुनाव चिन्ह अलोटमेंट से जुड़े हैं। पहले चुनाव में कांग्रेस का चुनाव चिन्ह 'दो बैलों की जोड़ी' था। लेकिन जब पार्टी का दो गुटों में विभाजन हुआ तो चुनाव चिन्ह पर संकट आ गया। कांग्रेस (ओ) और कांग्रेस (आर) में पार्टी दो ग्रुप्स में बंट गई। तब 25 जनवरी, 1971 को चुनाव आयोग ने कांग्रेस (ओ) को 'महिला द्वारा चलाया जाने वाला चरखा' और कांग्रेस (आर) को 'बछड़ा और गाय' चुनाव चिन्ह दे दिया। इसके बाद फिर विभाजन हुआ। 2 फरवरी, 1978 को चुनाव आयोग ने इंदिरा समूह को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आई) के तौर पर एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता दी और चुनाव चिन्ह 'हाथ' दिया गया। तबसे यही कांग्रेस का सिंबल है।

### बीजेपी को कैसे मिला 'कमल' चुनाव चिन्ह?


भारतीय जनसंघ (बीजेएस) को 7 सितंबर, 1951 को चुनाव चिन्ह के रूप में 'दीपक' ('लैंप') आवंटित किया गया था। बीजेएस ने 'लैंप' का उपयोग तब तक जारी रखा जब तक कि 1977 के चुनाव से पहले इसका अनौपचारिक रूप से जनता पार्टी में विलय नहीं हो गया। लेकिन जनता पार्टी को जल्द ही कई विभाजनों का सामना करना पड़ा। 6 अप्रैल, 1980 को कुछ नेताओं के एक ग्रुप ने (जो पहले बीजेएस के साथ थे) दिल्ली में मुलाकात की और अटल बिहारी वाजपेयी को अपना नेता घोषित किया। दोनों ग्रुप असली जनता दल होने की बात कर रहे थे लेकिन चुनाव आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए तब तक नाम को उपयोग नहीं करने पर रोक लगा दी जब की आखिरी फैसला ना हो जाए। 1980 में चुनाव आयोग ने अटल बिहारी वाजपेयी की अगुआई में भारतीय जनता पार्टी को मान्यता दी और 'कमल के फूल' को चुनाव चिन्ह के तौर पर दिया गया।

## अगले मंगलवार को सेंट एलॉयसिस और स्टेमफील्ड स्कूल की सभी शाखाओं की होगी खुली सुनवाई

# मनमानी तरीके से की गई फीस वृद्धि की जांच की जाए : कलेक्टर

## 10 स्कूलों में फीस वृद्धि के संबंध भेजी गई जांच टीम

**जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में स्कूलों में अनाधिकृत फीस वृद्धि के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा की मनमानी तरीके से की गई फीस वृद्धि की जांच की जाए। जांच के दौरान 5 साल पहले की फीस और वर्तमान की फीस को देखें, फीस वृद्धि किस आधार पर की गई है, यह न्यायोचित है या नही देखे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जांच में यह भी देखें कि क्या अतिरिक्त फीस तो नहीं लिया जा रहा है।**



जिन स्कूलों को कारण बताओं नोटिस दिया गया था, उनके जवाब यदि नहीं आए हैं, तो संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध अनुशानात्मक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि 30 अप्रैल को सेंट एलॉयसिस और स्टेमफील्ड स्कूल की सभी शाखाओं की खुली सुनवाई की शाम 5 बजे की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि उक्त स्कूलों से संबंधित शिकायत कलेक्टर या अपर कलेक्टर को उपलब्ध कराएं, जिस आधार पर उनकी सुनवाई की जा सके। साथ ही कहा कि हो सके तो अभिभावक स्वयं उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्य विद्यालयों से संबंधित सुनवाई आगामी तिथियों में की जायेगी जिसकी सूचना पृथक से दी जायेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अनाधिकृत रूप से यदि फीस वृद्धि हुई है, तो संबंधित स्कूल पर फाइन कर फीस वापस कराया जाए और गड़बड़ी करने वाले स्कूलों पर सख्त कार्रवाई करें।

कलेक्टर श्री सक्सेना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 10 स्कूलों में फीस वृद्धि के संबंध जांच टीम भेजी है, जिसमें सेंट एलॉयसिस स्कूल पनागर, सेंट एलॉयसिस स्कूल पॉलीपाथर, स्टेमफील्ड स्कूल विजयनगर, ज्ञानगंगा आर्किड इंटरनेशनल स्कूल, अजय सत्य प्रकाश स्कूल महाराजपुर, माउंट लिटरा स्कूल, चैतन्य टेक्नो स्कूल धनवंतरी नगर, रियान स्कूल, पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल और आदित्य कान्वेंट स्कूल गोपालबाग शामिल है। बैठक के दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**लोकसभा चुनाव**

## सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर मतदान की गोपनीयता भंग करने के एक और मामले में एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए जिले में 19 अप्रैल को मतदान की गोपनीयता भंग करने के एक और मामले में प्रशासन द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई है। मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का यह तीसरा मामला है, जिसमें एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके पहले प्रशासन द्वारा जमा खान और उवेश अंसारी के विरूद्ध मतदान करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की प्राप्त शिकायतों पर एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर मतदान की गोपनीयता भंग करने पर तीसरी एफआईआर गोहलपुर थाने में दर्ज कराई गई है। इसमें गोहलपुर निवासी परवेज अख्तर पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951 एवं 1989 की धारा 128 के तहत प्रकरण कायम किया गया है।

विधानसभा क्षेत्र जबलपुर पूर्व की सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम आधारताल श्रीमती शिवाली सिंह के अनुसार परवेज अख्तर के विरूद्ध जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक-74 फारान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोहलपुर में मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। श्रीमती सिंह ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर इस शिकायत की संबंधित सेक्टर अधिकारी से जांच कराई गई। जांच में मतदान की गोपनीयता भंग होना स्पष्ट परिलक्षित हुआ। जांच में पाया गया कि ईव्हीएम की जो बैलट यूनिट वीडियो में दिखाई दे रही है वह मतदान केन्द्र क्रमांक-74 को आबंटित की गई थी। इसके साथ ही परवेज अख्तर का भी नाम इस मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज पाया गया।

एसडीएम आधारताल के मुताबिक मतदान कक्ष के अंदर मतदान करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के इस प्रकरण में परवेज अख्तर को साफ तौर पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने तथा मतदान की गोपनीयता भंग करने का दोषी पाया गया। उन्होंने बताया कि परवेज अख्तर के विरूद्ध एफआईआर जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर क्रमांक 5 के सेक्टर अधिकारी लोक निर्माण विभाग

**समिति प्रबंधक नियुक्ति का मामला...**

# भोपाल से आई टीम ने शुरू की जांच!

## बिन्दुवार जांच से निकलेगी बहुत सी खामियां

हरिभूमि, जबलपुर।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं में कार्यरत सहायक समिति प्रबंधकों (संवर्ग) जिला जबलपुर एवं कटनी की कैडर भर्ती में सहायक समिति प्रबंधक से प्रबंधक नियुक्ति मामले की जांच करने भोपाल से 2 सदस्यीय जांच टीम जबलपुर पहुंची और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित में जांच शुरू कर दी है। इस दौरान जांच टीम के द्वारा पदोन्नत किये गये प्रबंधकों के दस्तावेजों का अवलोकन भी किया। जांच दो दिन चलने की बात की जा रही है। वहीं कहा जा रहा है कि बिन्दुवार जांच करने से बहुत सी खामियां निकलकर बाहर आएंगी। दरअसल चुनावी आचार संहिता लगने के एक दिन पूर्व 15 मार्च को हुई 27 समिति प्रबंधकों की नियुक्ति में व्यापक धांधली होने की बात की जा रही है।उल्लेखनीय है कि म प्र शासन द्वारा एक आदेश आया था जिसमें आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक संस्था व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जबलपुर द्वारा जबलपुर एवं कटनी में सहकारी समितियों के सहायक प्रबंधकों को पदोन्नत कर समिति प्रबंधक के पदों पर नियुक्ति करना थी। आचार संहिता लगने के एक दिन पूर्व महज 27 प्रबंधकों के नियुक्ति आदेश जारी कर दिये जाते हैं। जबकि कुल 73 आदेश जारी होना थे।

### नियमों को किया गया दरकिनार

मप्र शासन का नियुक्तियों को लेकर स्पष्ट आदेश है कि सेवा भर्ती नियम 2010 के अनुरूप ही नियुक्ति होना थी, इसमें 73 लोगों को पदोन्नत किया जाना था, परंतु महज 27 लोगों को ही पदोन्नत किया गया। इसमें अनेक ऐसे है जिनकी नियुक्ति ही 2012 के बाद हुई या फिर वह सेवा नियमों के मुताबिक पद के योग्य नहीं है। इससे स्पष्ट है कि नियमों को दरकिनार कर नियुक्ति आदेश जारी किये गये हैं।

### ऑडिट रिपोर्ट व वेतन पत्रक की उठी मांग-

कहा जा रहा है कि नियुक्ति मामले में बहुत धांधली हुई है, यह धांधली उजागर न हो इसके लिए रातों रात कागजात तैयार कर फाइल बनाकर पुख्ता काम किया गया है। जिसमें बैंक कर्मचारी की भूमिका नजर आ रही है। इस बात को लेकर अब मांग उठने लगी है कि 2017 से अभी तक की बिल बुक के साथ वेतन पत्रक और ऑडिट रिपोर्ट की जांच की जाये। इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा।

### इन बिंदुओं पर होना है जांच

1. पात्र आवेदकों की सूची क्रमांक 2, 3, 6, 12, 19, 20 एवं 21 में दर्शित आवेदकों के समक्ष सहायक समिति प्रबंधक पद का आदेश / कमेटी दिनांक एवं अनुमोदन दिनांक एक ही अंकित है।2. पात्र आवेदकों की सूची क्रमांक 15 में समिति में सहायक प्रबंधक पद पर पदस्थी आदेश दिनांक 26.12.96 तथा अनुमोदन दिनांक 20.07.95 अंकित है।3. पात्र आवेदकों की सूची क्रमांक 10 के आवेदक द्वारा अथवा शाखा द्वारा आवेदक के ऊपर 3 सिलक की कोई जानकारी नहीं दी गई, जबकि मौखिक प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक पर सिलक है, ऐसे अन्य प्रकरण भी हो सकते हैं। अतः समस्त आवेदकों के संबंध में बकाया सिलक, बारदाना राशि आदि की प्रमाणित जानकारी प्राप्त किया जाना।4. आवेदनों में संलग्न उप/सहायक आयुक्त सहकारिता जिला जबलपुर / कटनी के अनुमोदनों में विभिन्न विसंगतियों होने से इनका प्रमाणीकरण संबंधित कार्यालयों से कराया जाना उचित होगा ।5. उक्त के अतिरिक्त यह भी जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ आवेदकों के सहायक प्रबंधक के आदेश/अनुमोदन तो है किन्तु उनके द्वारा आज दिनांक तक सहायक प्रबंधक का कोई कार्य नहीं किया गया है।

### जाली कागजात भी बने

सूत्रों के मुताबिक सहायक प्रबंधकों से प्रबंधक पद पर पदोन्नत किये गये कुछ ऐसे नाम हैं जिनके कागजात ही नकली बनाए गए हैं। इसका बारीकी से परीक्षण किया जाये तो स्थिति अपने आप स्पष्ट हो जायेगी वहीं उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही होना चाहिए जिन्होंने इस पूरे मसले को अंजाम दिया है।

### इनका कहना है

इस मामले की जांच करने टीम आई है, अभी कुछ भी जानकारी देना संभव नहीं है कल तक यह जांच चलेगी, उसके बाद ही मैं आपसे जानकारी साझा करूंगा।

**राकेश पांडे**
**जांच टीम अधिकारी**

## शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं का तांडव

जबलपुर।



### हांका गैंग की उदासीनता का खामियाजा भुगत रही जनता

शहर में आवारा पशुओं की धमाचोकड़ी से जनजीवन खतरे में है। शहर के मुख्य मार्गो पर दिन और रात में भी आवारा पशुओं के झुंड अपना डेरा डाले रहते है। इससे आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। लोग हताहत हो रहे है लेकिन आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में जाने व पशु पालकों पर चालानी कार्यवाही करने में नगर निगम द्वारा कोताही बरती जा रही है। शहर में गाय भैस के अलावा आवारा कुत्ते और शूकर बहुत तांडव मचाये है।

सब्जी मंडी लटकारी का पड़ाव, निवाड़गंज, बड़ा फुहारा, बल्देवबाग, चेरीताल, गढ़ाफाटक, शंकर घी भंडार, मालवीय चौक, दीक्षितपुरा, गोरखपुर मुख्य मार्ग पर दिन दहाड़े आवारा पशुओं का तांडव देखा जा सकता है। वहीं रात में भी इन मार्गो पर आवारा पशु डेरा जमाये रहते है। सूकर और स्वान के बीच होने वाले युद्ध से स्थिति दुरूह हो जाती है। आवारा कुत्ते जब सूकरों और गाय, भैस को भौंककर खदेड़तें है इसी बीच आने वाले राहगीर इन आवारा पशुओं का शिकार हो जाते है। सब्जी मंडी में तो आवारा पशु कई बार भगदड़ मचवा देते है। मंडी में नीचे लगी दुकानों पर गाय बैल के मुंह मारने पर व्यापारी उन्हें डंडा लेकर खदेड़ते है तब भगदड़ सी स्थिति बन जाती है। प्रतिबंध के बावजूद शहर में डेरियां चल रही है। डेरी मालिक रात में इन पशुओं को आवारा छोड़ देते है। इसी प्रकार पालतू गाय और सूकर भी रात में छोड़ दिये जाते है। पहले नगर निगम की हांका गैंग इन आवारा पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस में बंद कर देती थी, लेकिन अब पशु अत्याचार अधिनियम प्रभावी हो जाने के बाद नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही शिथिल कर दी गई। जबकि व्यवस्था यह है कि आवारा पशुओं को ले जाकर गौ-शाला में छोड़ दिया जाये और पशु पालकों से चालान बसूला जाये। लेकिन अब स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम उदासीन नजर आती है। लिहाजा शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं का तांडव बना हुआ है।

## सीएमओ बिछिया निलंबित

जबलपुर। संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने कलेक्टर मण्डला के प्रतिवेदन पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिछिया संजयबाबू घाटोडे को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित आदेश में कहा गया कि श्री घाटोडे लोकसभा निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया अंतर्गत संपत्ति विरूपण के कार्य में लापरवाही बरतने पर तथा निर्वाचन संबंधी कार्य में रूचि नहीं लेने के साथ ही 24 मार्च को बिछिया तहसील के अंतर्गत ग्राम अंजनिया में एक सड़क दुर्घटना के कारण हुये हादासे में मौके पर उपस्थित होने के निर्देश पर भी मौके पर उपस्थित नहीं हुए। 01 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन संबंधी आयोजित बैठक में सूचना देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए। इन सभी कारणों में प्रथम दृष्टा श्री घाटोडे द्वारा शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में जानबूझकर अपने पदीय दायित्वों के प्रति स्वेच्छाचारिता एवं लापरवाही पायी गयी। जिसके फलस्वरूप कमिश्नर श्री वर्मा ने उन्हें मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 86 एवं मध्य प्रदेश नगर पालिका सेवा (कार्यपालन) नियम 1973 के नियम-36 तथा मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## साइलो बैग स्थापित कर गेंहू उपार्जन किया जाए: कलेक्टर

जबलपुर। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति को बैठक आयोजित की गई। जिसमे समिति ने उपार्जन व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा कर निर्णय लिया कि, जिले में जहां गेंहू की कम खरीदी हो रही है। वहां एक साइलो बैग स्थापित कर गेंहू उपार्जन किया जाए। जिससे किसानों की सुविधा हो जाए और गेहूं भी आ जाए। इस दौरान कहा गया कि गेंहू को नॉन एफएक्यू बताकर सीधे तौर पर वापस न करे। नॉन एफएक्यू गेहूं को अपग्रेड कर उसे एफएक्यू करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने गेंहू की गुणवत्ता को लेकर सर्वेयर के साथ बैठक करने के निर्देश भी संबंधित को दिए। उपार्जन व्यवस्था में किसानों को शीघ्र उनकी फसल का दाम मिले, इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है और अभी तक 1891 किसानों को 30 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

## मूंग-उड़द की फसल में कीट नियंत्रण के लिए न करे जहरीले दवा का उपयोग

जबलपुर। जिले के लगभग 1 लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में विगत पंद्रह बीस दिनों से मूंग तथा उड़द फसल की खेती की जा रही है। इन फसलों को इल्लियों तथा कीट-पतंगों से बचाने के लिए किसानों द्वारा अत्यंत जहरीले कीटनाशक कोराजन का उपयोग अत्यधिक मात्रा में किया जा रहा है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कृषि महाविद्यालय के कीटशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. एस बी दास एवं कोराजन निर्माता कंपनी द्वारा मूंग एवं उड़द में फूल आने से फलिया बनने की अवस्था तक सिर्फ एक बार 0.15 मिलीलीटर कोराजन प्रतिलीटर पानी में मिलाकर स्प्रे करने की सलाह दी है। साथ ही पत्ती भक्षक कीटों के नियंत्रण के लिए क्विनालफास की 1.5 मिली अथवा मोनोक्रोटोफॉस की 750 मिली तथा हरा फुदका, माहू तथा सफेद मक्खी जैसे रस चूसक कीटो के डायमिथोएट 1000 मिली. प्रति 600 लीटर पानी या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. प्रति 600 लीटर पानी में 125 मिली दवा के हिसाब से प्रति हेक्टेयर छिड़काव करना लाभप्रद है।

**जिले में 11 लाख 56 हजार 843 वोट पड़ें**

# वोट डालने में महिलाओं से आगे रहे पुरुष

जबलपुर।

18वीं लोकसभा के गठन के लिये सोमवार को यहां हुये मतदान के बाद हार-जीत के कयास लगाने वाले पंडित सक्रिय हो गये। मतदान करने में इस बार पुरुषों ने बाजी मारी 63.32 फीसदी पुरुषों ने और 58.61 फीसदी महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 26.31 प्रतिशत जेंडर मतदाताओं ने वोट डाले। जबलपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 11 लाख 56 हजार 843 वोट डालें। विधानसभा चुनाव के मुताबिक लोकसभा चुनाव में चार महीनों के अंतराल में 30 हजार लगभग नये मतदाता जुड़े। 2019 के चुनाव के मुकाबले 2024 के चुनाव में 9 फीसदी कम मतदान हुआ। जिले में मतदान का प्रतिशत 61 प्रतिशत रहा। गौरतलब है कि 2019 में लोकसभा चुनाव में 69.43 प्रतिशत मतदान रहा।

### नतीजों को लेकर कयास

09 प्रतिशत घटा मतदान क्या बोल रहा है। क्या सत्ता विरोधी लहर थी या किसी के पक्ष में अंडर करेंट जिसकों लेकर बहस छिड़ गई। सबके अपने-अपने तर्प है। नया मतदाता किस तरफ गया, पुरुषों का झुकाव किस तरफ था तो महिलाओं का वोट प्रतिशत गिरने का क्या कारण है, इन बिन्दुओं पर सियासी पंडित चर्चाओं में व्यस्त हो गये। अब तक जिले में महिलाओं का वोट प्रतिशत ही ज्यादा रहता था। शहर के मुकाबले ग्रामीण के क्षेत्रों में मतदान अधिक हुआ, यह भी चर्चा का विषय है।

### पुरुष मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

लोकसभा चुनाव के लिये वोट डालने में इस बार महिलाओं के मुताबिक पुरुष आगे रहे। जिले की आठों विधानसभा सीटो पर डाले गये वोटों की संख्या के आंकडे सामने आने पर यह बात उभरकर सामने आई। जिले में जहां 6 लाख 98 हजार 69 पुरुष मतदाताओं ने वोट डाले तो वहीं 5 लाख 46 हजार 949 महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, और जबकि 25 अन्य मतदाताओं ने वोट डाले। इस तरह जिले में कुल 11 लाख 56 हजार 843 वोट पड़े।

## हनुमानताल थाने की छत पर शराब की बोतलों के ढेर पर आयोग ने लिया संज्ञान

## एसपी से जवाब तलब

**जबलपुर।** सिविल लाईन पुलिस थाने में पीने के पानी की किल्लत और हनुमानताल थाने की छत पर शराब की बोतलों पाई जाने पर मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लेकर पूरे मामलें की जांच तीन सप्ताह के अंदर करके जबलपुर एसपी से जवाब तलब किया है। आयोग के संज्ञान में यह बात सामने आई थी कि शहर के पॉश इलाके में स्थित सिविल लाइन थाने में आने वाले आंगतुकों व लोगों को पीने के पानी के लिये मशक्कत करनी पड़ रही है। थाने के अंदर पेयजल की व्यवस्था नहीं है। वही दूसरी ओर हनुमानताल थाने में दीवारों में दरारे है वहीं दीवारों में उधड़ा हुआ है। वहीं हनुमानताल थाने की छत पर शराब की बोतलों का अंबार मिलने का मामला भी प्रकाश में आया है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रिय कार्यालय प्रभारी सुश्री फरजाना मिर्जा ने बताया कि, इस मामले में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के मुख्यालय भोपाल में अध्यक्ष मनोहर ममतानी की पीठ द्वारा संज्ञान लेकर जबलपुर एसपी को नोटिस जारी कर पूरे मामलें की तीन सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।

## जाँच दल को तुरंत उपलब्ध कराएं वांछित दस्तावेज

### निजी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश

**जबलपुर।** जिले में स्थित सभी अशासकीय शालाओं के प्रचार्यों को शिकायतों की जाँच के लिये उनकी संस्था में पहुँचे दल को परीक्षण के लिये चाहे गये अभिलेख तुरंत उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के मुताबिक कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना ने निजी स्कूलों द्वारा की गई मनमानी फीस वृद्धि को लेकर प्राप्त शिकायतों पर जाँच के लिये जिला स्तरीय समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को जाँच दलों द्वारा जबलपुर में 10 निजी स्कूलों की जाँच की गई। इस दौरान कुछ संस्थाओं द्वारा जाँच के लिये वांछित दस्तावेज जाँच अधिकारी को उपलब्ध नहीं गये। संस्थाओं द्वारा इसके पीछे अभिलेख स्कूल में नहीं हैं, सी ए के पास हैं या प्रबंधक के पास है अथवा जिसके पास हैं वो बाहर गये हैं, जैसे कारण बताये गये। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस स्थिति को खेद जनक बताते हुये अशासकीय अथवा निजी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश दिये हैं कि उनकी संस्था में जाँच दल के उपस्थित होने पर सभी वांछित अभिलेख तुरंत उपलब्ध कराये जायें।

## जबलपुर से है मेरा विशेष लगाव : जलोटा

**पाटन रोड स्थित श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर में प्रस्तुति देने पहुँचे भजन सम्राट**

**जबलपुर।** पाटन बायपास रोड स्थित विदित सिग्नेचर टाउनशिप स्थित स्वयं सिद्ध श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर में मंगलवार को भजन सम्राट अनूप जलोटा प्रस्तुति देने पहुँचे। उन्होंने यहां पत्रकारों से चर्चा कर कहा कि यह मंदिर सचमुच अद्भुत है, साथ ही टाउनशिप में आकर लोगों को सुकून की अनुभूति भी होती है। उन्होंने कहा कि जबलपुर से उनका विशेष लगाव है, उनकी बहन भी जबलपुर में ही रहती हैं। साथ ही कहा कि जबलपुर के लोगों में एक अपनापन है, उन्हें यहाँ की खोवे की जलेबी भी बहुत पसंद है। अपने भजनों के लिए दुनिया भर में एक अलग पहचान रखने वाले अनूप जलोटा श्री हनुमान जयंती के विशेष अवसर पर प्रस्तुति देने पहुँचे। उल्लेखनीय है कि श्री चिंतामणि हनुमान का मंदिर वर्तमान दौर में सबसे बड़ा आस्था का केंद्र बन रहा है, यह मंदिर विदित सिग्नेचर टाउनशिप के अंदर स्थित है यहाँ पर 12 फीट ऊंचे गोल गुंबज पर काले ग्रेनाइट से निर्मित भगवान श्री चिंतामणि हनुमान जी की प्रतिमा दिन प्रतिदिन आस्था का केंद्र बनती जा रही है। जबलपुर शहर से मंगलवार और शनिवार के दिन हजारों भक्तों का ताता यहां पर लगने लगा है।

**Public Notice**

This is to inform that M/s Vijan Hotels Pvt. Ltd. having its registered office at Jabalpur Madhya Pradesh has been accorded with environment clearance for the proposed expansion of its existing project and a copy of the clearance letter is available with State Pollution Control Board and also at website of State Level Environment Impact Assessment Authority (SEIAA) and Local Government bodies of Jabalpur.

Manager
Vijan Hotels Pvt.Ltd.
Jabalpur

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, RAM KISHUN S/O LATE BABULAL R/O VILL-GULMIKHRA JEHTA, PO-BARAWANKALA, TEH-SADAR, DIST-LUCKNOW, STATE-UTTAR PRADESH-226101 I have change of my name and date of birth from name **RAM KISHAN YADAV** and date of birth **18/06/1966** (name and date of birth as per my SON, ARMY NO. 17001462X RANK NK NAME ABHISHIK YADAV army service record) to name **RAM KISHUN** and date of birth **01/01/1964** (name date of birth as per my AADHAR CARD)vide affidavit dated 23/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary Anand Mohan choudhery, dist-COURT JABALPUR (Name and place of Court).

**CORRECT NAME-RAM KISHUN**
**INCORRCT NAME-RAM KISHAN YADAV**
**CORRECT DATE OF BIRTH-01/01/1964**
**INCORRCT DATE OF BIRTH-18/06/1966**

**CHANGE DATE OF BIRTH**

I, PUSHPA YADAV W/O ARMY NO. 17001462X RANK NK NAME ABHISHEK YADAV presently residing at VILL- GULMIKHERA PO-BARAWANKLA, TEH- SADAR, DIST-LUCKNOW, STATE- UTTAR PRADESH-226101. I have change of my date of birth from **20/08/1987** (date of birth as per my Husband army service record) date of birth **20/10/1987** (date of birth as per AADHAR CARD) vide affidavit dated 23/04/2024 (date of affidavit) formerly before Public Notary Anand Mohan choudhery COURT JABALPUR (Name and place of Court).

**CORRECT DATE OF BIRTH-20/10/1987**
**INCORRCT DATE OF BIRTH-20/08/1987**